Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Dasmunsi Shri Priya Ranjan

>

Title : Presentation of 26th report of the Business Advisory Committee.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Sir, I beg to present the Twenty-Sixth Report of the Business Advisory Committee.

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : उपाध्यक्ष महोदय, सदन की पूरी सहमति से सुबह एक प्रस्ताव पेश किया गया था कि सदन के भोजन की कार्यवाही का स्थगन करके हम लोग बिल पर बहस शुरू कर देंगे और दो बजे तक वह बहस चलेगी। उसके बाद कम्युनल सिचुएशन के ऊपर बहस शुरू होगी। उस बहस के खत्म होने के बाद ही हम बिल पर फिर से बहस करेंगे और उसे पारित करेंगे। लेकिन किसी कारणवश हाउस का लंच हो गया। इसलिए मेरा आपके द्वारा सदन से आग्रह है कि यह बिल एक घंटे में खत्म कर लिया जायेगा। इसलिए इसको खत्म करने के बाद ही कम्युनल सिचुएशन की डिबेट को शुरू किया जाये। वह चाहे जितने मर्जी टाइम चले।

श्री गुरुदास दासगुप्त (पंसकुरा) : उपाध्यक्ष महोदय, बंगाली मिनिस्टर हिन्दी बोल रहे हैं, इसलिए हम भी हिन्दी बोलेंगे। हमें इस बारे में कोई आपत्ति नहीं है। मंत्री जी जो सुझाव दे रहे हैं, उसका हम पूरा समर्थन करते हैं।

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : धन्यवाद। उपाध्यक्ष महोदय, हम उनको बधाई देना चाहते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपने सदस्यों को थोड़ा ब्रीफ में बोलने के लिए कहें।

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : उपाध्यक्ष महोदय, तीन बजे नियम 193 पर चर्चा शुरू हो जानी चाहिए। ...(व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : हम आपको पूरा सहयोग करेंगे क्योंकि हम चाहते हैं कि वह बहस जल्दी हो। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you all co-operate with me, I will try my best to finish it before three o' clock.

–

–

–